# बारिश से खराब सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता से करें : राजन

- संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में फूटा जनप्रतिनिधियों का गुस्सा
- एमपीआईडीसी और पीडब्ल्यूडी रहे निशाने पर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव के सामने जनप्रतिनिधियों का गुस्सा फूट पड़ा. गुस्से का मुख्य केंद्र एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी और सड़क निर्माण में लापरवाही और निर्माण कार्य में लेट लतीफी होना बताया जा रहा है.**

आज रेसीडेंसी कोठी में अपर मुख्य सचिव संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ली. उक्त बैठक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के मध्य समन्वय बनाये रखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में आयोजित की गई थी. उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संभाग स्तरीय समीक्षा के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों को संभाग का दायित्व सौंपा है. इंदौर संभाग के लिए अनुपम राजन को नियुक्त किया गया है. राजन ने आज पहले आयोजित संभाग स्तरीय बैठक के प्रतिवेदन की समीक्षा और जनप्रतिनिधियों से चर्चाकर वर्तमान स्थिति की जानकारी ली. बैठक शुरू होते ही सभी विधायक और जनप्रतिनिधियों ने राजन के सामने जिलों एमडी पदस्थ अधिकारियों की कार्य शैली पर सवाल उठाए. इतना ही नहीं अधिकारियों पर सरकार की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए कारवाई करने की मांग तक कर डाली. बैठक में अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने कहा कि संभाग में निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियाओं और ओवर ब्रिज निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने का लक्ष्य तय करें. उन्होंने कहा कि संभाग में बारिश से खराब हुई सड़को की मरम्मत प्राथमिकता से करें. साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी स्थिति में सड़कों पर जाम की स्थिति नहीं बने और यातायात सुचारू चलता रहे. उन्होंने सिंहस्थ के कार्यों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए. राजन ने उन्होंने आगामी योजनाओं के विषय में जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की और सुझाव लिए. बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने संभाग के संबंध में जानकारी दी. इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा सहित संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर्स ने अपने-अपने जिलों की प्रगति के बारे में बताया. बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, खरगोन सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़, मधु वर्मा, अर्चना चिटनीस, मंजू दादू, नीना वर्मा, कालू सिह राजकुमार मेव, केदार डाबर, झूमा सोलंकी, छाया मोरे, कंचन तन्वे, नारायण पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे. संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स और जिला पंचायतों सीईओ सहित अन्य अधिकारी भी शामिल थे।



## महापौर ने अधिकारियों पर की नाराजगी व्यक्त

सभागीय बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एसीएस अनुपम राजन के सामने अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की. भार्गव ने कहा कि सरकार को बदनाम करने का अधिकारियों द्वारा सोचा समझा षडयंत्र नजर आ रहा है. शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों में सड़को पेंचवर्क और अन्य कार्यों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. महापौर यही नहीं रुके उन्होंने राजन से लेट लतीफी और लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कारवाई की मांग की, ताकि सरकार की छवि खराब होने से बचे.

जन प्रतिनिधियों ने अधिकारियों को कटघरे में खड़ा किया-विधायक मालिनी गौड़ ने दशहरे मैदान स्टेडियम का डेढ़ साल से टेंडर नहीं होने को लेकर गुस्सा किया. विधायक गोलू शुक्ला ने सरवटे से गंगवाल बस स्टैंड सड़क टेंडर होने के बाद काम नहीं करने के शिकायत करते हुए गुस्सा किया. विधायक रमेश मेंदोला ने आईटीआई मैदान पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स काम टेंडर और खेल गतिविधियों को लेकर सवाल उठाए. साथ ही कहा कि पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी द्वारा सड़कों के पेंच वर्क नहीं किए जा रहे हैं. मधु वर्मा ने ब्रिज और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़को के गड्ढे नहीं भरने और बायपास ब्रिज निर्माण से यातायात जाम एवं पीडब्ल्यूडी विभाग पर सवाल उठाए.

## एक नजर में

### मंत्री सिलावट ने अग्रसेन प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



इंदौर. महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर सोमवार को मंत्री तुलसीराम सिलावट ने अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन किया. इस मौके पर अशोक गोयल और हरि अग्रवाल भी मौजूद रहे. अग्रसेन जयंती के अवसर पर शहरभर में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है.

### हाई-वे क्षेत्र की ओर से अग्रसेन प्रतिमा पर माल्यार्पण



इंदौर. अग्रवाल समाज हाई-वे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में क्षेत्र की 26 कालोनियों के 500 से अधिक परिवारों की ओर से सोमवार सुबह नवलखा स्थित पित पुरुष महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन किया गया. संगठन के प्रमुख अरविंद बागड़ी ने बताया कि इस अवसर पर अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल, नंदकिशोर कंदोई, मनीष अग्रवाल मन्नू, दिलीप नरेड़ी एवं विकास मित्तल सहित बड़ी संख्या में हाई-वे क्षेत्र के समाजबंधु उपस्थित थे जिन्होंने अपने पितृ पुरुष को श्रद्धा सुमन समर्पित किए.

### डॉ. अंजलि को राष्ट्रीय समरक्षण योद्धा अवार्ड सम्मान



इंदौर. मातृ और नवजात सुरक्षा को लेकर देश में चल रहे प्रयासों को नई दिशा देने के लिए राष्ट्रीय समरक्षण सम्मेलन का आयोजन कोच्चि, केरल में किया गया. यह सम्मेलन अखिल भारतीय रेडियोलॉजिकल एंड इमेजिंग एसोसिएशन की समरक्षण पहल की 7 वर्षों की सफलता का उत्सव था. इस पहल के चलते मातृ और नवजात मृत्यु दर में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, और नवजात शिशुओं का औसत जन्म-भार भी बेहतर हुआ है जो 2030 के सतत विकास लक्ष्यों से आगे की उपलब्धि मानी जा रही है. सम्मेलन के दौरान डॉ. अंजलि गुर्जर को उनके नेतृत्व के लिए समरक्षण योद्धा स्टार अवार्ड से सम्मानित किया गया और उनके द्वारा तैयार की गई रेडियोलॉजिस्ट टूल किट का विमोचन भी हुआ, जो नए विशेषज्ञों को प्रशिक्षण देने में सहायक होगी.

### फिलिप्स होम अप्लायंसेज़ का सोने पे सुहागा अभियान

इंदौर. फिलिप्स होम अप्लायंसेज़ ने त्योहारों पर अपना सोने पे सुहागा अभियान पेश किया है. इस ऑफर में ग्राहकों को अपने घर के लिए भरोसेमंद इनोवेशन खरीदने के साथ सोना जीतने का अवसर भी मिलेगा. ग्राहकों के जीवन में खुशी लाने के लिए फिलिप्स एयरफ्रायर, मिक्सर ग्राईंडर, कॉफी मशीन, गारमेंट स्टीमर, एयर प्योरिफायर्स आदि के अपने विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ फिलिप्स हर घर में इनोवेशन, सुविधा और देखभाल पेश करता है. इस कैम्पेन के बारे में पूजा बैद, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, वर्सुनी इंडिया ने कहा भारत में त्योहार खुशी, भाईचारे और साथ में बिताए खुशनुमा पलों का प्रतीक होते हैं. इस जश्न में सोने का हमेशा से एक विशेष महत्व है. यह समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक है. हमारे सोने पे सुहागा अभियान के साथ हम फिलिप्स के भरोसेमंद इनोवेशंस के साथ सोना जीतने की खुशी प्रदान करना चाहते हैं. हमारे इस ऑफर द्वारा हम हर त्योहार को और अधिक खुशहाल बनाना चाहते हैं.

### एच एंड एम का फेस्टिव कलेक्शन

इंदौर. एच एंड एम अपने फेस्टिव कलेक्शन के साथ एक बार फिर लौट रहा है, जिसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष परिधान शामिल हैं. इस कैप्सूल कलेक्शन में बोल्ड और स्टेटमेंट-मेकिंग वूमेन्सवेयर शामिल है, जो ड्रेस-अप करने की खुशी को और खास बनाता है. कलेक्शन का पहला ड्रॉप 25 सितम्बर से एच एंड एम स्टोर्स और ऑनलाइनतथा मिंत्रा पर उपलब्ध होगा. इंदौर में यह कलेक्शन ट्रेज़र आइलैंड, अपोलो प्रीमियर और फीनिक्स सिटाडेल पर उपलब्ध होगा. दूसरा ड्रॉप 9 अक्टूबर को लॉन्च होगा. एच एंड एम की कॉन्सेप्ट डिज़ाइनर एलियाना मासगालोस ने कहा दिवाली जैसे खास मौके पर इस एक्सक्लूसिव ऑफर को एक बार फिर पेश करना शानदार है. हम चाहते हैं कि हमारे ग्राहक स्टाइल और कॉन्फिडेंस के साथ इस फेस्टिव सीजन को सेलिब्रेट करें और एक ऐसा लुक अपनाएं जो आधुनिक और आकर्षक हो.

### अमेजन.इन का ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन स्टोरफ़्रंट

इंदौर. जैसे ही भारत में 22 सितंबर से ऐतिहासिक जीएसटी सुधार लागू हो रहे हैं, अमेजन.इन ने आज एक विशेष स्टोरफ्रंट- द ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन, जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की। यह स्टोरफ़्रंट होम अप्लायंसेज़, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेली एसेंशियल्स, हेल्थकेयर, फैशन और अन्य श्रेणियों में जीएसटी बचत वाले उत्पादों को प्रदर्शित करेगा. बिल्कुल समय पर अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 के लिए, जो 23 सितंबर से शुरू हो रहा है. जीएसटी बचत उत्सव के हिस्से के रूप में, स्टोरफ्रंट पर उत्पादों पर बैज लगे होंगे जो लागू जीएसटी बचत को दर्शाएंगे, जिससे ग्राहकों को इन ऑफ़र्स को पहचानना और खरीदारी करना आसान होगा. प्राइम अर्ली एक्सेस के दौरान प्राइम डील+जीएसटी सेविंग्स और मुख्य इवेंट के दौरान डील विथ जीएसटी सेविंग्स के बैज नजर आएंगे. जीएसटी बचत और प्राइम डील्स के अलावा, ग्राहकों को विक्रेताओं से ढेरों फेस्टिव डील्स, अमेज़न पे लेटर के माध्यम से नो-कॉस्ट ईएमआई जैसे किफायती विकल्प और अमेज़न पे रिवॉर्ड्स गोल्ड के जरिए प्राइम सदस्यों के लिए 5% तक आश्वस्त कैशबैक जैसे फायदे भी मिलेंगे.

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और ज़ैगल की साझेदारी

इंदौर. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने आज भारत की अग्रणी स्पेंड मैनेजमेंट कंपनी ज़ैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की. इस साझेदारी का उद्देश्य को-ब्रांडेड रिटेल क्रेडिट और प्रीपेड कार्ड्स प्रोग्राम लॉन्च करना है, जिसमें थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर (टीपीएपी) इंटीग्रेशन और पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशन इंजन जैसी विशेषताएं शामिल होंगी. नया रिटेल क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को स्मार्ट स्पेंडिंग टिप्स, आसान रिवार्ड्स और तकनीक-सक्षम सहज अनुभव प्रदान करेगा, जिससे रोज़मर्रा के खर्च और भी अधिक फायदेमंद और सरल बनेंगे. ज़ैगल के संस्थापक एवं एग्जीक्यूटिव चेयरमैन डॉ. राज पी नारायणम ने कहा, यह साझेदारी नवाचारपूर्ण, तकनीक-आधारित पेमेंट समाधान उपलब्ध कराने के लिए है, जो रिटेल और कॉर्पोरेट दोनों ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करेगी. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, एमडी एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा यह साझेदारी हमारे उस विज़न के अनुरूप है, जिसमें हम व्यवसायों और उपभोक्ताओं दोनों को अधिक स्मार्ट और प्रभावी वित्तीय समाधान प्रदान करना चाहते हैं.

### डॉलर मिस्सी नये फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ

इंदौर. त्योहारों के मौसम से ठीक पहले, डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेडने अपने महिला वस्त्र ब्रांड, डॉलर मिस्सीका नया फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च किया है, जो एक रोमांचक विज्ञापन अभियान मिस्सी ने बना दी जोड़ी के साथ परफेक्ट परिधानों की जोड़ियों की शक्ति का उत्सव मनाता है. नया कलेक्शनरिच फेस्टिव रंगों, फिगर को निखारने वाले फिट्सऔरवर्सेटाइल डिज़ाइन्ससे सुसज्जित है, जो आज की महिलाओं की स्टाइल की जरूरतों को पूरा करने के लिये बारीकी से तैयार किया गया है. डॉलर इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार गुप्ता ने कहा त्योहारों का मौसम अच्छा दिखने और अच्छा महसूस करने के बारे में है, और हमारे नये डॉलर मिस्सी कलेक्शन के साथ, हमने आराम और फेस्टिव आकर्षण का बेहतरीन संगम बनाया है. यह लॉन्च जीवंत रंगों, वर्सेटाइल स्टाइल्स और उस आत्मविश्वास का उत्सव है, जो परफेक्ट फिट से आता है. हमारा नया टीवीसी, जिसमेंडॉलर मिस्सी की ब्रांड एम्बेसडर यामी गौतमनज़र आ रही हैं.

# खुशनुमा गीतों से सजी शाम

**इंदौर.** संगीत की सुरमयी बयार ने एक बार फिर इंदौरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया. नादब्रह्मा म्यूज़िकल ग्रुप की संयोजिका ममता मेहता के निर्देशन में सप्तरंगी स्वरलहरियां भाग 11 का आयोजन लाभमंडपम सभागृह में हुआ. इस बार संगीतमय संध्या का शीर्षक था- तेरे मेरे होंठों पे, मीठे-मीठे गीत मितवा. इस बार की थीम का विशेष उद्देश्य यह था कि केवल भजन, उत्साहवर्धक और खुशनुमा गीत ही चुने गए.




कार्यक्रम की आयोजक ममता मेहता ने कहा हमें खुशी है कि 'सप्तरंगी स्वरलहरियां' के 11वें भाग का सफल आयोजन हुआ. कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य प्रोफेशनल्स ने अपनी गायकी का जादू बिखेरा. इनमें शामिल रहे वरिष्ठ सर्जन डॉ. अमिताभ गोयल, डॉ. संजय भटनागर, डॉ. मिताली श्रीमाल, सीए शैलेन्द्र पोरवाल, सीए पंकज सेठी, जौहरी आशुतोष कड़ेल, ईआर मयंक खण्डेलवाल, आशा निसरगंध और आदिश्री सेठी। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष रूप से नवरात्रि स्पेशल माता जी के भजनों से हुई, जिसके बाद खुशनुमा और सदाबहार गीतों की श्रृंखला ने श्रोताओं को बांधे रखा। कलाकारों ने अलग-अलग भाषाओं और प्रदेशों के गीत प्रस्तुत किए—जिनमें शास्त्रीय संगीत, पुराने फिल्मी नग़मे, वेस्टर्न टच, पंजाबी और बंगाली गीतों का सुंदर मिश्रण शामिल था. हर प्रस्तुति अपने आप में खास रही. इस अवसर पर मुख्य रूप से एम. बियानी अकाउंट मेम्बर, आईटीएटी, इंदौर, एस. एन. अग्रवाल, वीरेन्द्र जैन एडिशनल कमिश्नर, सीजीएसटी, सीए पंकज सेठी, मनोज चौबे एडिशनल कमिश्नर, स्टेट टैक्स, डॉ. अमिताभ गोयल, डॉ. साधना सोडानी, सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे.

# नायतामुंडला बस स्टैंड शुरू, नवलखा को कराया खाली

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सोमवार से नवलखा बस स्टैंड पूरी तरह से बंद हो गया है. प्रशासन ने नायता मुंडला बस स्टैंड को शुरू करवा दिया है. खास ने यह है कि नवलखा से यात्रियों को प्रशासन ने एआईसीटीएसएल की बसों से निशुल्क नए बस स्टैंड पर भेजा.**






पिछले दिनों हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के जस्टिस सुबोध अभ्यंकर ने आईडीए द्वारा निर्मित नायता मुंडला बस स्टैंड को लेकर बस ऑपरेटरों की याचिका को खारिज कर दिया था. साथ ही हाईकोर्ट ने राज्य शासन के गजट नोटिफिकेशन को जनहित में शासन की पॉलिसी का हिस्सा मानते हुए सही ठहराया था. हाईकोर्ट सिंगल बेंच के ऑर्डर के खिलाफ बस ऑपरेटर संतोष कुमार जायसवाल, राकेश साहू और शंकर यादव ने हाईकोर्ट डबल बेंच में रिट पिटीशन दाखिल की है. हाईकोर्ट डबल बेंच में जस्टिस विवेक रूसिया और विनय कुमार द्विवेदी की कोर्ट आज उक्त रिट पिटीशन खारिज कर प्रशासन के नायता मुंडला बस स्टैंड संचालन को सही ठहराया है. ध्यान रहे कि शासन ने शहर में बढ़ते यातायात और जनहित को ध्यान में रखकर नए बस स्टैंड बनाकर शहर के बाहर से बसें संचालित करने का निर्णय लिया था. आज परिवहन विभाग ने नवलखा बस स्टैंड खाली करने की कारवाई की और यात्रियों को नए बस स्टैंड नायता मुंडला भेजा. यात्रियों को एआईसीटीएसएल ने नए बस स्टैंड तक निशुल्क सेवा दी. एआरटीओ राजेश गुप्ता न बताया कि हाईकोर्ट से स्टे हट गया है। प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को लेकर नवलखा बस स्टैंड खाली करने के आदेश दिए हैं। आज कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर नायता मुंडला बस स्टैंड शुरू कर दिया है. वहां तक यात्रियों को निशुल्क एआईसीटीएसएल की बसों एसे भेजा जा रहा है. बस स्टैंड पर तमाम सुविधाएं उपलब्ध है.

## आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि नायता मुंडला बस स्टैंड से लगभग 80 बसों का संचालन हरदा, नेमावर, होशंगाबाद एवं बैतूल मार्गों के लिए शुरू किया गया है. बसों के नये संचालन स्थल पर यात्रियों को आधुनिक टर्मिनल पर पार्किंग, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. एसडीएम प्रदीप सोनी ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करायी. इस निर्णय से शहर के भीतर भीड़ वाले नवलखा क्षेत्र में यातायात दबाव कम होगा तथा यात्रियों को बेहतर और सुव्यवस्थित यात्रा सुविधा मिल सकेगी.

# स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना हम सभी की जिम्मेदारी : महापौर

## महापौर ने किया एमवाय अस्पताल की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज महापौर ने शहर के सबसे बड़े एमवाय अस्पताल का अचानक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अस्पताल के अंदर सफाई 17 सितंबर जैसी ही पाई गई. हॉस्पिटल के बाहर कुछ जगहों की सफाई को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी दी है, उसे जिला प्रशासन, स्वास्थ्य आयुक्त और चिकित्सा विभाग से चर्चा करने की बात कही.**



आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव एमवाय अस्पताल का दौरा किया. उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को बताया कि मुख्यमंत्री ने एमवाय अस्पताल में सफाई अभियान की शुरुआत की थी. इस अस्पताल को स्वच्छ परिसर के रूप में लगातार जनता की सेवा करते रहना हम सभी की जिम्मेदारी है. निरीक्षण के दौरान अस्पताल भवन के अंदर की सफाई व्यवस्था 17 तारीख जैसी ही व्यवस्थित मिली. हालांकि, भवन के बाहर और अन्य हिस्सों में कुछ चुनौतियों की जानकारी अस्पताल प्रशासन ने दी. इस संबंध में जनप्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन, कमिश्नर हेल्थ और मेडिकल एजुकेशन से भी चर्चा कर समस्या का हल निकालने का निर्णय लिया गया. मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए अभियान के पैरामीटर बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है.किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो महापौर ने एमवाय अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि परिसर की स्वच्छता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो. जो लोग नेग्लिजेंस करेंगे, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए. साथ ही सुपरिंटेंडेंट और पूरी टीम की जिम्मेदारी है कि हाउसकीपिंग एजेंसी को दिए गए काम की डे-टु-डे रिपोर्टिंग वरिष्ठ अधिकारियों और कलेक्टर को करें. यदि कोई समस्या आती है तो उसकी जानकारी तुरंत जनप्रतिनिधियों को भी दी दें.

### व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करूंगा-

महापौर ने कहा कि मैं सप्ताह में कम से कम एक बार सफाई व्यवस्था की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करूंगा. इसके साथ ही नगर निगम के क्लीननेस और वेस्ट मैनेजमेंट एक्सपर्ट्स की टीम आज पूरे कैंपस का दौरा करेगी. हाउसकीपिंग एजेंसी को आवश्यक सुझाव देगी. यदि कोई कार्य एजेंसी के दायरे से बाहर होगा तो उस पर अलग से चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा.



# मांस, मटन की बिक्री खुले में नहीं हो : निगमायुक्त

- सभी अपर आयुक्त आयुक्त, झोनल एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक ली

नव भारत न्यूज

इंदौर. आज निगम आयुक्त ने सभी झोनल अधिकारियों से कहा कि शहर में कहीं भी खुले में मांस, मटन की ब्रिकी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें. अधिकारियों से कहा कि मांस की बिक्री दुकानों के अंदर और बाहर से जाली से दुकान कवर होना चाहिए.

आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने आज सिटी बस ऑफिस में सभी अपर आयुक्त आयुक्त, झोनल एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक ली. आयुक्त ने बैठक में निर्देश दिए कि आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त जोनल अधिकारी तय करें कि उनके क्षेत्र में कहीं पर भी मांस मटन मछली का विक्रय खुले में नहीं हो. मांस मटन का विक्रय दुकान के अंदर एवं बाहर से दुकान नेट आदि से कवर्ड हो. खुले में मांस मटन का विक्रय प्रतिबंधित है. सके साथ ही आयुक्त यादव द्वारा झोनल अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र की ड्रेनेज, जलप्रदाय, उद्यान, भवन निर्माण, राजस्व, जनकार्य, रोड के गड्ढे या निगम से संबंधित सभी कामों का उत्तरदायित्व आपका है. मुख्य मार्ग के गड्ढों को चिन्हांकित कर लें, सूची बना लें, बरसात के बाद गड्ढे रिपेयर का कार्य शुरू कर दें.



# अहिल्या माता गौशाला पर सैकड़ों साधकों ने किया तर्पण

**इंदौर.** केशरबाग रोड स्थित अहिल्या माता गोशाला पर सर्वपितृ अमावस्या के उपलक्ष्य में रविवार को श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन बड़ी संख्या में गोसेवकों ने पहुंचकर अपने पितरों और पूर्वजों की स्मृति में तर्पण किया. गौशाला स्थित सप्त गौमाता मंदिर पर आचार्य पं. मुकेश शास्त्री एवं आचार्य पं. मनोज पांडे के निर्देशन में करीब 800 गौ एवं पितृ भक्तों ने विधि-विधान से तर्पण क्रिया संपन्न की। तर्पण के पश्चात साधकों ने गौसेवा भी की. इस अवसर पर गौशाला प्रबंध समिति की ओर से सी.के. अग्रवाल, पुष्पेन्द्र धनोतिया, महेन्द्र जैन बड़नगर वाले एवं अन्य गौसेवकों ने विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली और गौसेवकों का मार्गदर्शन किया.

एक नजर में — छह किलोमीटर कॉरिडोर पर अब दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक संचालन, रविवार को हर आधे घंटे में ट्रेन

# इंदौर मेट्रो का टाइम टेबल बदला, किराया भी बढ़ाया

**इंदौर. मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने शहर में एलिवेटेड कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेन संचालन का टाइम टेबल आज से संशोधित कर दिया है. गांधी नगर से टीसीएस चौराहा तक 6 किलोमीटर के इस कॉरिडोर पर अब मेट्रो ट्रेन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी और प्रत्येक घंटे में एक ट्रेन उपलब्ध होगी. रविवार के दिन यात्रियों की थोड़ी भीड़ को देखते हुए ट्रेन हर आधे घंटे में चलाई जाएगी.**



किराए में भी बदलाव किया गया है. अब 1 से 2 स्टेशन के बीच यात्रा के लिए 20 रुपए और 3 से 5 स्टेशन के बीच 30 रुपए देना होगा. मेट्रो शुरू होने के बाद अब तक लगभग ढाई लाख यात्री सफर कर चुके हैं. इनमें सबसे अधिक जून महीने में 2 लाख से अधिक लोग मेट्रो का अनुभव लेने आए. जुलाई में 21 हजार, अगस्त में 12 हजार और 20 सितंबर तक लगभग 4 हजार यात्रियों ने सफर किया. मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने बताया कि 31 मई से 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर संचालन शुरू हुआ था, जिसमें शुरू में किराए में काफी छूट दी गई थी, जो अब समाप्त कर दी गई है. पिछले दिनों गांधी नगर से एमआर-10 तक ट्रायल रन भी सफलतापूर्वक लिया गया. आगे मालवीय नगर स्टेशन तक टेस्टिंग की तैयारी की जा रही है.

अनुमतियों के बाद पूरे कॉरिडोर पर सेवा- मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का कहना है कि तय समय में सभी अनुमतियों के बाद पूरे कॉरिडोर पर मेट्रो सेवा प्रदान की जाएगी. वर्ष के अंत तक गांधी नगर से रेडिसन तक मेट्रो संचालन शुरू करना कठिन प्रतीत हो रहा है, जबकि साल के शुरुआती महीनों में पूरे संचालन की संभावना है.

### गांधी नगर डिपो से प्रक्रियाएं हो रही नियंत्रित

मेट्रो संचालन के दौरान गांधी नगर डिपो में बने प्रशासनिक भवन से सभी प्रक्रियाएं नियंत्रित की जा रही हैं. इसी परिसर में कंट्रोल रूम, ट्रेनिंग बिल्डिंग, टेस्ट ट्रैक्शन और सब स्टेशन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं. मेट्रो ट्रेन का 16वां सेट भी हाल ही में बड़ौदा से इंदौर डिपो पहुंच चुका है.